# वेदांत की ऋण घटाने की योजना

धातु और खनन क्षेत्र की दिग्गज वेदांत समूह को वित्त वर्ष 2026-27 में 10 अरब डॉलर एबिटा रहने का अनुमान है। समूह ने इस वित्त वर्ष में कुल मिलाकर 20,000 करोड़ रुपये से अधिक कर्ज घटाने की योजना बनाई है। वेदांत के शीर्ष नेतृत्व ने बिज़नेस स्टैंडर्ड से बातचीत में यह जानकारी दी। इससे जून तिमाही में समूह के अधिकांश व्यवसायों में रिकॉर्ड आय दर्ज करने के बाद कंपनी के निरंतर प्रदर्शन के प्रति आत्मविश्वास को दर्शाता है। जून तिमाही में समूह की मूल इकाई वेदांत रिसोर्सेज लिमिटेड ने 1.1 अरब डॉलर का ऋण कम किया। कंपनी ने अपनी उधारी का पुनर्वित्तपोषण भी किया जिससे फंडिंग लागत में 280 आधार अंकों की कमी आई। इससे सालाना ब्याज पर होने वाले खर्च में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की कमी आने की उम्मीद है।

पृष्ठ 4